अर्धवार्षिक परीक्षा 2021–2022
कक्षा – 6वीं
विषय – विज्ञान

समय : 2 घंटे | पूर्णांक : 50

....

प्र.1 खाली स्थान भरो : 5

क) न्यूटन / मीटर^2 ....है।

ख) 1 वायुमंडलीय दाब = ...किलो पास्कल है।

ग) ....रक्त परिसंचरण तंत्र का प्रमुख अंग है।

घ) छुई–मुई का पौधा स्पर्श के प्रति ....होता है।

ड.) श्वसन क्रिया में पौधे ....ग्रहण करते हैं तथा ....त्यागते हैं।

प्र.2 सही विकल्प चुनकर लिखो : 5

क) किसी भी दो वस्तुओं के बीच लगने वाले आकर्षण बल को कहते हैं :

अ) स्थिर विद्युत बल ब) चुंबकीय बल

स) गुरूत्वाकर्षण बल द) पेशीय बल

ख) अंगों से हृदय तक रक्त ले जाने वाली वाहनियां हैं :

अ) धमनी ब) शिरा स) केशिका द) तंत्रिका

ग) मनुष्य में स्थायी दांतों की संख्या होती है :

अ) 20 ब) 28 स) 30 द) 32

घ) अंडाशय बदल जाता है :

अ) बीज में ब) तने में स) फल में द) प्रतान में

ड.) निम्न बल के कारण जमीन पर चलना संभव होता है :

अ) चुंबकीय बल ब) विद्युत बल

स) पेशीय बल द) घर्षण बल

प्र.3 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो : 6

क) शाकाहारी, मांसाहारी, सर्वाहारी जंतुओं के दो–दो नाम लिखो ?

ख) पाचन किसे कहते हैं ?

ग) घड़ी की सुई की गति दोलन गति नहीं है पर आवर्ती गति है ? स्पष्ट कीजिए ?

प्र.4 निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखो : (कोई–4) 12

क) चाल तथा बल का S.I. मात्रक लिखो तथा बताओ कि सायकल के टायर क्यों घिस जाते हैं ?

ख) श्वसन अंगो/श्वसन तंत्र में अंगों के नाम लिखिए तथा बताइए कि मनुष्य के श्वसन में डायफ्राम का क्या कार्य है ?

ग) किसी पौधे का नामांकित चित्र बनाएं तथा विभिन्न भागों का नाम लिखिए और एक द्वि–बीज पत्री तथा द्वि–बीज पत्री बीजों के दो–दो नाम लिखिए ?

घ) क्या होगा जब किसी पौधों को अंधेरे कमरे में बिना पानी के सात दिनों तक रखा जाए ?

ङ.) ताप किसे कहते हैं ? इसकी S.I. मात्रक बताते हुए डॉक्टरी तापमापी का उपयोग बताइए ?

प्र.5 निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखो : (कोई–3) 12

क) मापन से आप क्या समझते हैं ? लंबाई, किलोग्राम, आयतन, समय का S.I. मात्रक लिखिए तथा साधारण तापमापी का चित्र बनाइए ?

ख) पौधों तथा जंतुओं के चार–चार महत्व लिखिए ?

ग) जड़ व तनों में रूपांतरण क्यों होता है ? तीन रूपांतरित तनों व जड़ों के नाम लिखिए जिन्हें आप खाते हैं।

घ) प्रजनन से आप क्या समझते हैं ? बताइए कि मनुष्य में उत्सर्जन क्यों आवश्यक है ? मनुष्य के उत्सर्जन तंत्र का चित्र बनाते हुए उनके अंगों के नाम लिखिए ?

प्र.6 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो : (कोई–दो) 10

क) कारण बताइए :

अ) खिलाड़ियों और धावकों के जूतों के तलवों में नोकदार कीले लगाई जाती हैं क्यों ?

ब) हवा से भरे गुब्बारों को सूखे बालों से रगड़ने के पश्चात् दीवार से स्पर्श करने पर वह दीवार से क्यों चिपक जाता है ?

स) फूल का नामांकित चित्र बनाकर उसके विभिन्न भागों का नाम लिखिए और तीन जंतुओं का वैज्ञानिक नाम लिखिए।

द) तापमापी में किस द्रव का उपयोग किया जाता है ? एक स्वस्थ मनुष्य के शरीर का ताप बताते हुए बताइए कि साधारण तापमापी डॉक्टरी तापमापी से भिन्न है।